# प्रेस नोट दिनांक- 22.10.2025 जनपद प्रतापगढ़

## थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मारपीट की घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों की तत्परता से गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 21.10.2025 की शाम को वादी अपनी चाय-समोसा की दुकान (स्थान–होण्डा एजेंसी, जोगापुर के बगल) पर था, तभी ट्रक संख्या HR55AJ1492 के चालक व उसके दो अज्ञात साथी दुकान पर आकर चाय-समोसा खाकर बिना पैसा दिए गाली-गलौज करने लगे। जब वादी द्वारा मांगा गया तो तीनों ने जान से मारने की नियत से हमला कर दिए एवं जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना कोतवाली के उ0नि0 सचिन गुप्ता मय हमराह आरक्षी विलास यादव, आरक्षी सोनवीर द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मारपीट की सूचना प्राप्त होने पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत घटना स्थल पर पुलिस द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए 03 अभियुक्तों 1. मो. फरमान पुत्र मो.खालिद निवासी कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फर नगर उम्र 40 वर्ष, 02. उस्मान पुत्र मो. खालिद निवासी कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फर नगर उम्र 19 वर्ष वर्ष, 03. सोहेल त्यागी पुत्र अब्दुल इस्लाम त्यागी निवासी कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फर नगर उम्र 19 वर्ष को मौके से ही गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 531/25 धारा 115(2)/351 (2)/352/109/110 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। साथ ही अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद टाटा ट्रक बरामद किया गया, बरामद ट्रक को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है।

अभियुक्तों का विवरण-

01. मो. फरमान पुत्र मो.खालिद निवासी कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फर नगर उम्र 40 वर्ष।
02. उस्मान पुत्र मो. खालिद निवासी कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फर नगर उम्र 19 वर्षे वर्ष।
03 . सोहेल त्यागी पुत्र अब्दुल इस्लाम त्यागी निवासी कुटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फर नगर उम्र 19 वर्ष।

पुलिस टीम-
उ0नि0 सचिन गुप्ता मय हमराह आरक्षी विलास यादव आरक्षी सोनवीर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

## थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास, मारपीट के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 18.02.2025 को ग्राम मतुई नमक सायर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ में वादिनी के भतीजे पर आरोपीगणों द्वारा जान से मारने की नियत से फायर कर घायल कर देने के प्रकरण में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0 32/2025 धारा 109(1), 352, 351(2) बीएनएस बनाम 04 नामजद अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली देहात श्री विजय कान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह हे0 का0 वीरेन्द्र यादव व का० संतोष कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 32/2025 धारा 109 (1), 352,351 (2) बीएनएस में वाँछित 01 अभियुक्त दिलीप सरोज उर्फ बादल पुत्र राम अवध सरोज निवासी बंधवा नमक शायर थाना को० देहात जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रातंर्गत भगेसरा बाजार से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभियुक्त दिलीप सरोज उर्फ बादल पुत्र राम अवध सरोज निवासी बंधवा नमक शायर थाना को० देहात जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-

उ0नि0 अजय कुमार मय हमराह हे0 का0 वीरेन्द्र यादव व का० संतोष कुमार थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़।